Date: 20-03-2021
Event: Seven Days NSS Camp
Highlight: DSP Banjar, Binni Minhas, as a resource person educated the NSS volunteer about the duties of a responsible citizen, she also planted trees with the volunteer.

बंजार : 7 दिवसीय शिविर के छठे दिन अकादमिक सत्र से पहले पौधारोपण करते डी.एस.पी. बिन्नी मिन्हास व स्वयंसेवी। (लक्ष्मण)

'जिम्मेदार नागरिक के कर्त्तव्य विषय पर चर्चा'

बंजार, 20 मार्च (लक्ष्मण): एन.एस.एस. के 7 दिवसीय शिविर के छठे दिन अकादमिक सत्र में डी.एस.पी. बंजार बिन्नी मिन्हास ने शिरकत की। उन्होंने सर्वप्रथम पौधारोपण किया उसके बाद उन्होंने जिम्मेदार नागरिक के कर्त्तव्य विषय पर अपने विचार स्वयंसेवियों के साथ सांझा किए।

इस कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी श्यामा और साहिल ने किया। अकादमिक सत्र की शुरूआत में प्राचार्य डा. मंदीप शर्मा ने डी.एस.पी. को सम्मानित किया। तदोपरांत उन्होंने स्वयंसेवियों के साथ अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि एक देश के विकसित होने एवं आत्मनिर्भर होने में वहां के नागरिकों का अहम योगदान होता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्त्तव्य की पूर्ण निष्ठा से पालना करें तो उस देश को प्रगति पथ पर अग्रसर होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा एक जिम्मेदार नागरिक उत्तरदायी होने के साथ जागरूक भी होता है और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करता है एवं औरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित भी करता है। उन्होंने स्वयंसेवियों को प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने के लिए भी प्रेरित किया।

उन्होंने कहा की हमें कूड़ा-कर्कट का निपटारा सही तरीके से करना चाहिए ताकि प्रदूषण न फैले और हमारा वातावरण स्वच्छ एवं सुरक्षित बना रहे। इसके साथ उन्होंने विशेष तौर पर जल संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि विशेष तौर पर पीने योग्य पानी को व्यर्थ प्रयोग से बचाना होगा। उन्होंने स्वयंसेवियों को यातायात के नियमों की पालना करने, साइबर अपराध से बचने, कोविड-19 बचाव के बारे में बताया। इस अवसर पर संयोजिका आचार्य मोनिका, प्राचार्य डा. मंदीप शर्मा, सहायक आचार्य ज्योति बाला एवं दीप कुमार भी उपस्थित रहे।